कार्यालय जनसम्पर्क अधिकारी
राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर
राजा पंचम सिंह मार्ग, ग्वालियर (म.प्र.) – 474002

फोन / फैक्स : 0751–2970230, 2970231
ईमेल : pro.rvskvv@gmail.com

क्र. / जन.कार्य. / 2023–24 / 16 दिनांक : 23 / 04 / 2024

प्रति,

श्रीमान संपादक महोदय / ब्यूरोचीफ
ग्वालियर, म.प्र.

महोदय,

निवेदन है कि राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर का एक महत्वपूर्ण समाचार प्रकाशनार्थ प्रेषित है। कृपया प्रकाशित कर सहयोग करने का कष्ट करें।

प्रेसनोट:–

(जनसम्पर्क अधिकारी)

कृषि विश्वविद्यालय में एस.एस.आर. बनाने हेतु आयोजित तकनीकी कार्यशाला समाप्त

ग्वालियर। कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर में शिक्षा को सशक्त बनाने व यूजीसी द्वारा नैक ग्रेड अर्जित करने हेतु आयोजित तकनीकी प्रशिक्षण में तकनीकी विशेषज्ञ प्रो. एस.के. गुप्ता द्वारा एस. एस.आर. बनाने हेतु बारीकियों की विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने जानकारी को एकत्रित करने, सही रूप में सही स्थान पर दर्शाने आदि बिन्दुओं को स्पष्टता से बताया।

कार्यशाला में कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अरविन्द कुमार शुक्ला ने कहा कि हम सभी को इस प्रशिक्षण से लाभ लेकर नैक द्वारा ग्रेड अर्जित करने हेतु कठोर परिश्रम करना चाहिए। डॉ. शुक्ला ने कहा कि सभी को कर्तव्य परायणता व तन्मयता के साथ कार्य करने की आवश्यकता है, तभी हम विश्वविद्यालय की उच्च स्तरों तक पहुंचाने में सफलता प्राप्त करेंगे।

कार्यक्रम में अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ. मृदुला बिल्लौरे, निदेशक विस्तार सेवायें डॉ. वाय. पी. सिंह, निदेशक अनुसंधान सेवायें व निदेशक शिक्षण डॉ. संजय शर्मा, कुलसचिव श्री अनिल सक्सैना, शैक्षणिक उपकुलसचिव डॉ. एन. एस भदौरिया, कार्यपालन यंत्री डॉ. एच.एस भदौरिया, विश्वविद्यालय अंतर्गत पांचों महाविद्यालयों के अधिष्ठाता एवं प्राध्यापकगण, कृषि विज्ञान केन्द्रों से वैज्ञानिकों एवं अधिकारियों ने अपनी सहभागिता दी। डाटा सेंटर में प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों हेतु प्रो. गुप्ता द्वारा फाइलों एवं जानकारियों को जोड़ना आदि गतिविधियों का प्रस्तुतीकरण किया गया।